# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाडमेर
**(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)**

प्रार्थना पत्र सं.:— 2024/154(105/24) दर्ज तिथिः—06.05.2024

1. अमराराम पुत्र भानाराम
2. उगमदेवी पत्नी आदूराम
3. खेताराम पुत्र मगाराम
4. खुशालाराम पुत्र मगाराम
5. छगनाराम पुत्र मेरामाराम
6. छोगाराम पुत्र किरताराम
7. जीवादेवी पत्नी रूपाराम
8. तुलसाराम पुत्र भानाराम
9. दुर्गाराम पुत्र मेरामाराम
10. दीपाराम पुत्र किरताराम
11. पुनेशकुमार पुत्र आदूराम
12. मीरा पत्नी किरताराम
13. रूपाराम पुत्र मगाराम
14. रिडमलराम पुत्र भानाराम
15. शंकराराम पुत्र मेरामाराम
16. सोनाराम पुत्र किरताराम
17. हडमत पुत्र आदूराम
18. हस्ताराम पुत्र किरताराम

जाति मेगवाल निवासी लक्ष्मणपुरा तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर।

— प्रार्थीगण

**बनाम**

1. तुलछाराम पुत्र प्रभुराम
2. देवाराम पुत्र नरींगाराम
3. धर्माराम पुत्र नरींगाराम
4. नानगा पुत्र खेता
5. पूनमा पुत्र सुरता फौत के कायम मुकाम
   5/1 रामाराम पुत्र पूनमाराम
   5/2 आईदानराम पुत्र पूनमाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.14 16:14:28 IST
Reason: SelfAttested

5/3 मेहराराम पुत्र पूनमाराम
5/4 भूराराम पुत्र पूनमाराम
5/5 चूनाराम पुत्र पूनमाराम

6. पेलाद पुत्र खेता
7. फगलू पुत्र खेता
8. मूलाराम पुत्र प्रभुराम
9. रामू पत्नी खेता
10. लाला पुत्र खेता
11. लिच्छू पत्नी नरींगाराम
12. सुखराम पुत्र प्रभुराम
13. माना पुत्र खेता
14. जोगाराम पुत्र हरखाराम
15. देवाराम पुत्र हरखाराम
16. पाबूराम पुत्र हरखाराम जाति जाट निवासी लक्ष्मणपुरा
17. केसीदेवी पत्नी चूनाराम
18. जसराज पुत्र चूनाराम
19. जोगाराम पुत्र चूनाराम
20. खेताराम पुत्र गंगाराम
21. राउराम पुत्र गंगाराम
22. जूंजाराम गोदपुत्र हीराराम
23. आईदानराम पुत्र रूखमोदेवी
24. कालूराम पुत्र लाखाराम
25. चुतराराम पुत्र खेताराम
26. नोजी पत्नी जूंजाराम
27. पीराराम पुत्र खेताराम
28. बाबूलाल पुत्र रूखमोदेवी
29. रतनाराम पुत्र रूखमोदेवी
30. रामूराम पुत्र खेताराम
31. हडुमानराम पुत्र लाखाराम
32. डूंगराराम पुत्र पूराराम
33. दलू पत्नी पूराराम
34. रामचन्द्र पुत्र पूराराम
35. खेताराम पुत्र प्रतापाराम
36. देवाराम पुत्र नावलाराम
37. पाबूराम पुत्र नवलाराम
38. मिरगों पत्नी नवलाराम
39. रामाराम पुत्र मंगनाराम नाबालिग संरक्षक रतनाराम जाति जाट निवासी डी सियाग नगर
40. पुखराज पुत्र किशनाराम
41. बाबूलाल पुत्र किशनाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.14 15:14:28 IST
Reason: SelfAttested

कलक्टर/उपखंड अधिकारी गुढ़ामालानी
सत्यमेव जयते

अमराराम बनाम तुलछाराम
2024/154

निर्णय दिनांकः—14.06.2024

42. सत्तोष पुत्र किशनाराम जाति ब्राहमण निवासी लक्ष्मणपुरा
43. जीवा पुत्री हरीराम
जाति ब्राहमण निवासी डी सियाग नगर तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर

......................असल अप्रार्थीगण

44. तहसीलदार गुढामालानी

..............तरतीबी अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री डालूराम चौधरी।
अप्रार्थीगणः— एकतरफा।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः—14.06.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 200/7.0901 है0 वाके ग्राम लक्ष्मणपुरा एवं खसरा संख्या 225/15.1109 वाके ग्राम डी सियाग नगर तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुडामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुडामालानी द्वारा दिनांक 29.02.2024 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 29.02.2024 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.14 15:14:28 IST
Reason: SelfAttested

की मुताबिक पैमाइश दिनांक 29.02.2024 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries***.—*(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2074—2077 वाके ग्राम लक्ष्मणपुरा एवं डी सियाग नगर में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुडामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम लक्ष्मणपुरा एवं डी सियाग नगर के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 29.02.2024 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुडामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में ... हल्का ... द्वारा मौके पर आराजी खसरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.14 15:14:28 IST
Reason: SelfAttested

नम्बर 200, 225 को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा–128 भू–राजस्व अधिनियम–1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 200/7.0901 है0 वाके ग्राम लक्ष्मणपुरा एवं खसरा संख्या 225/15.1109 वाके ग्राम डी सियाग नगर तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुडामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना–अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुडामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 14.06.2024 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.14 16:14:28 IST
Reason: SelfAttested